# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/4574
दिनांक : 12.12.2019

सेवा में,
सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय,

आदेशानुसार सूचित किया जाता है कि चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध सभी संस्थानों में शिक्षा संकाय के सभी पाठ्यक्रमों में व विधि संकाय के एल0एल0बी0 (तीन वर्ष), बी0ए0एल0एल0बी0 (पाँच वर्षीय) तथा बी0काम0एल0एल0बी0 (पाँच वर्षीय) पाठ्यक्रमों को छोड़ कर शेष पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2020–2021 में अनापत्ति/सम्बद्धता हेतु ऑन लाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 31 अक्टूबर 2019 निर्धारित की गयी थी। उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र दिनांक 04.12.2019 एवं मा0 कुलपति जी के आदेशों के आलोक में ऑन लाईन आवेदन करने हेतु दिनांक 12.12.2019 से 10.01.2020 तक तिथि विस्तारित की जाती है। समस्त आवेदन पत्र शासन द्वारा प्रदत्त URL-https://henoc.upsdc.gov.in पर किये जाने अपेक्षित हैं।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–
01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. प्रभारी वेबसाइट इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
03. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ प्रेषित।

कुलसचिव